
# ‘युद्ध को भारत ही कर सकता है समाप्त’

## ईरान संकट पर मोहन भागवत बोले-भारत के पास विश्व को जोड़ने की ताकत

- भागवत का बयान- आज दुनिया विनाश की ओर बढ़ रही है
- भारत ही है जो वैश्विक शांति का सूत्रधार बन सकता है



**नागपुर, 20 मार्च. ईरान पर अमेरिका और इजरायल द्वारा किए गए हमलों के 20 दिन बीत चुके हैं और वैश्विक स्तर पर ऊर्जा और सुरक्षा की स्थिति अस्थिर हो गई है.**

पेट्रोल, डीजल और गैस जैसी जरूरी ऊर्जा आपूर्ति पर असर पड़ा है, और स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से गुजरने वाले जहाजों पर अतिरिक्त टोल वसूली की योजना ने अंतरराष्ट्रीय चिंता को और बढ़ा दिया है। इस पर ताजा प्रतिक्रिया राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने दी।

भागवत ने इस अवसर पर उपस्थित स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए जोर देकर कहा कि वर्तमान वैश्विक परिस्थिति में सभी को जोड़ने वाला कोई तत्व नहीं है। उन्होंने कहा, सभी को जोड़ने वाला तत्व सिर्फ हमारे पास है। सारी परिस्थितियां हमारे पास हैं। उनका संदेश स्पष्ट था कि भारत के पास वह क्षमता है जो विश्व को जोड़ने और युद्ध को रोकने में निर्णायक भूमिका निभा सकती है। मोहन भागवत ने विश्व के वर्तमान हालात का विश्लेषण करते हुए कहा कि न तो कलह और संघर्ष रुक रहे हैं, न कन्वर्जन और ऊंच-नीच की समस्याएँ।

विशेषज्ञों का मानना है कि मोहन भागवत का यह बयान केवल अंतरराष्ट्रीय संकट पर चिंता ही नहीं दर्शाता, बल्कि भारत की वैश्विक भूमिका और जिम्मेदारी की ओर इशारा करता है। उनका संदेश यह है कि आज विश्व अस्थिर है, लेकिन भारत की क्षमता और स्थिरता वैश्विक शांति में निर्णायक भूमिका निभा सकती है। संक्षेप में, मोहन भागवत ने ईरान और विश्वव्यापी तनाव के बीच भारत की सामर्थ्य और जिम्मेदारी पर जोर देते हुए कहा कि केवल भारत ही युद्ध को समाप्त कर सकता है.

## एसबीआई के फ्रॉड केस में अनिल अंबानी की मुश्किलें बढ़ीं

**मुंबई, 20 मार्च।** ट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की शिकायत पर अनिल अंबानी से 8 घंटे तक पूछताछ की। रिलायंस कम्युनिकेशंस और अनिल अंबानी पर 2,929 करोड़ रुपये के कथित बैंक फ्रॉड का आरोप है। सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन ने गुरुवार को टेलिकॉम और फाइनेंस सेक्टर से जुड़े अनिल अंबानी को लगभग 8 घंटे तक पूछताछ के लिए बुलाया। यह कार्रवाई स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की शिकायत पर हुई, जिसमें रिलायंस कम्युनिकेशंस और अनिल अंबानी पर 2,929 करोड़ रुपये के कथित बैंक फ्रॉड का आरोप है।

# गुटेरेस ने वैश्विक परिणामों की दी चेतावनी



**ब्रुसेल्स, 20 मार्च. संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने अमेरिका और इजरायल से ईरान युद्ध समाप्त करने का आग्रह किया और सैन्य कार्रवाई के स्थान पर कूटनीति अपनाने पर बल दिया.**

यूरोपीय परिषद की बैठक के दौरान यहां पत्रकारों को संबोधित करते हुए गुटेरेस ने कहा कि संघर्ष का पूरी तरह से बेकाबू होने का खतरा है, साथ ही नागरिकों को भारी पीड़ा पहुंच रही है. गुटेरेस ने यह भी कहा कि युद्ध का प्रभाव युद्ध क्षेत्र से कहीं अधिक दूर तक फैल रहा है. उन्होंने वैश्विक अर्थव्यवस्था में हो रहे दुष्प्रभाव की चेतावनी दी, जिसके संभावित रूप से दुखद परिणाम हो सकते हैं, विशेष रूप से सबसे कम विकसित देशों के लिए. यूरोपीय संघ के सदस्य देशों ने ब्रुसेल्स में बैठक की. जिसमें पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव, विशेष रूप से यूरोपीय ऊर्जा कीमतों, ऊर्जा सुरक्षा एवं क्षेत्रीय स्थिरता पर इसके प्रभाव पर चर्चा की गई.

अमेरिका और इजरायल ने 28 फरवरी को ईरान पर बड़े पैमाने पर हमले किए, जिससे वैश्विक नौवहन बाधित हुई, तेल की कीमतें आसमान छू गईं और वैश्विक अर्थव्यवस्था चरमरा गई.

### ये लोग कायर हैं और हम इन्हें याद रखेंगे



**वॉशिंगटन.** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दुनियाभर में बढ़ते डीजल-पेट्रोल की कीमतों को लेकर नाटो देशों पर ठीकरा फोड़ा है. ट्रंप ने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों की सुरक्षित आवाजाही में ये देश अमेरिका की मदद नहीं करना चाहते और तेल की ऊंची कीमतों की शिकायत करते हैं. उन्होंने कहा कि ये लोग कायर हैं और हम इन्हें याद रखेंगे.

# ईडी ने कुर्क की 5 हजार करोड़ रुपए की संपत्ति

- पीएसीएल धोखाधड़ी मामले में कार्रवाई

**नई दिल्ली, 20 मार्च. प्रवर्तन निदेशालय ने शुक्रवार को कहा कि उसने पीएसीएल लिमिटेड और उसकी संबंधित कंपनियों द्वारा संचालित एक सामूहिक निवेश योजना से जुड़ी बड़ी वित्तीय धोखाधड़ी की जांच में पंजाब और दिल्ली में स्थित 5,046.91 करोड़ रुपये मूल्य की 126 अचल संपत्तियों को कुर्क कर दिया है.**

भारतीय दंड संहिता की धारा 120-बी और 420 के अंतर्गत केंद्रीय जांच ब्यूरो द्वारा दर्ज एफआईआर के आधार पर ईडी ने पीएमएलए जांच शुरू की. यह एफआईआर उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के अनुसार दर्ज की गई थी. इसके बाद, सीबीआई ने एक अवैध निवेश योजना चलाने में भूमिका के लिए व्यक्तियों एवं कंपनियों सहित 33 आरोपियों के खिलाफ एक आरोप पत्र दायर किया. आरोप पत्रों के अनुसार, आरोपी संस्थाओं एवं व्यक्तियों ने कृषि भूमि की बिक्री एवं विकास के बहाने पूरे भारत में लाखों निवेशकों से धोखाधड़ी करके 48,000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि जुटाने के लिए एक विशाल अवैध सामूहिक निवेश योजना चलाई.

## 23 .72 करोड़ रुपए की मेथामफेटामाइन गोलियां जब्त

**इंफाल, 20 मार्च.** मिजोरम के चम्फाई जिले में भारत-म्यांमार सीमा के पास सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता हाथ लगी है. नशीले पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत असम राइफल्स और चम्फाई पुलिस की संयुक्त टीम ने भारी मात्रा में मेथामफेटामाइन गोलियां बरामद कीं. इन गोलियों की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 23.72 करोड़ रुपए बताई जा रही है. अधिकारियों के अनुसार, यह संयुक्त अभियान सीमा क्षेत्र के एक संवेदनशील मार्ग ह्युनह्लेल्था रोड के पास चलाया गया. इस इलाके को तस्करी के लिहाज से संवेदनशील माना जाता है.

# 9 वर्षों में यूपी को मिली नई पहचान : सीएम

**लखनऊ, 20 मार्च। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश में अभूतपूर्व विकास और सतत समृद्धि के 9 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर बुधवार को लोक भवन में आयोजित कार्यक्रम में नव निर्माण के 9 वर्ष पुस्तक का विमोचन किया। मुख्यमंत्री ने प्रदेश की जनता को इन 9 वर्षों की उपलब्धियों के लिए हृदय से बधाई देते हुए कहा कि यह परिवर्तन 25 करोड़ प्रदेशवासियों की सामूहिक शक्ति का प्रतीक है।**

मुख्यमंत्री ने कहा कि इन 9 वर्षों की यात्रा को समझने के लिए यह जानना आवश्यक है कि 2017 से पहले प्रदेश की स्थिति क्या थी। उत्तर प्रदेश जैसे असीम संभावनाओं वाले राज्य को पहचान के संकट का सामना करना पड़ रहा था। दुनिया की सबसे उर्वर भूमि और प्रचुर जल संसाधनों के बावजूद किसान आत्महत्या के लिए मजबूर था। प्रदेश का कारीगर, जो अपनी कला के लिए प्रसिद्ध था, वह उद्यमी बनने के बजाय श्रमिक बनकर पलायन करने को विवश था। सीएम योगी ने कहा कि आज तस्वीर पूरी तरह बदल चुकी है। पिछले 9 वर्षों में डबल इंजन सरकार ने सुरक्षा, इंफ्रास्ट्रक्चर, निवेश, रोजगार, किसानों के कल्याण, महिलाओं के सशक्तीकरण और गरीबों के उत्थान के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किए हैं।




### मुख्यमंत्री योगी ने ईद-उल-फितर पर दी शुभकामनाएं



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मिडिया एक्स पर टवीट करके ईद-उल-फितर को देशवासियों को शुभकामनाएं दी. ईद-उल-फितर के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

## केजीएमयू में सात वर्षीय बच्चे की रोबोटिक सर्जरी सफल

**लखनऊ 20 मार्च.** लखनऊ में किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) के पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग ने एक बार फिर अत्याधुनिक चिकित्सा से सात वर्षीय बच्चे की रोबोटिक सर्जरी सफलतापूर्वक संपन्न की है. बच्चे को लेफ्ट इंग्वाइनल हर्निया की शिकायत थी। परिजनों ने पहले कई अस्पतालों में परामर्श लिया, लेकिन वहां अत्याधुनिक सर्जरी की सुविधा उपलब्ध नहीं थी या फिर ओपन सर्जरी के लिए अधिक खर्च बताया जा रहा था जिसके बाद परिजनों ने बच्चे को केजीएमयू के पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग की ओपीडी में दिखाया, जहां जांच में बांयी ओर अंडकोश में हर्निया की पुष्टि हुई.

### आज का इतिहास

1413-हेनरी पंचम इंग्लैंड के राजा बने.
1556-इंग्लैंड में थॉमस क्रेनमर को जलाकर मार दिया गया.
1791-ब्रिटिश सेना ने बेंगलुरु को टीपू सुल्तान से छीना.
1836-कोलकाता में भारत के पहले सार्वजनिक पुस्तकालय (अब नेशनल लाइब्रेरी) की स्थापना.
1857-जापान की राजधानी तोक्यो में विध्वंसक भूकंप आया जिसमें एक लाख सात हजार लोगों की मौत.
1887- प्रख्यात क्रांतिकारी विचारक मानवेन्द्र नाथ राय का जन्म.
1916- शहनाई वादक उस्ताद बिस्मिल्ला खान का जन्म.
1937- न्यूयॉर्क में दुनिया के पहले ब्लड बैंक की स्थापना.
1954- पहले फिल्मफेयर पुरस्कार समारोह का आयोजन, जिसमें दो बीघा जमीन को सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार मिला.
1960-दक्षिण अफ्रीका के शार्पविले में रंगभेद विरोधी प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने गोलीबारी की, जिसमें 69 लोग मारे गए.

# चुनावी विज्ञापन के लिए लेनी होगी स्वीकृति

- इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया पर गलत जानकारी न करें शेयर
- 5 राज्यों के चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से कराएंगे : ईसी

**नई दिल्ली, 20 मार्च (वार्ता) चुनाव आयोग ने पांच राज्यों और केंद्र शासित क्षेत्रों में विधानसभा चुनावों के मद्देनजर शुक्रवार को घोषणा की कि राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों और उनसे जुड़े समूहों को इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर किसी भी राजनीतिक विज्ञापन को प्रकाशित करने से पहले पूर्व अनुमति प्राप्त करनी होगी.**

चुनाव आयोग ने असम, केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल तथा केंद्र शासित क्षेत्र पुडुचेरी विधान सभा चुनाव के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी है. चुनाव आयोग ने 15 मार्च को इन विधान सभाओं के चुनाव के लिए कार्यक्रम जारी करने के साथ छह अन्य राज्यों में विधान सभा की आठ रिक्त सीटों के उपचुनावों की भी घोषणा की है.

आयोग ने चुनाव कार्यक्रम जारी करते हुए कहा था कि इन चुनावों को स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने और इसमें धन-बल के प्रयोग पर को रोकने के लिए उसने ठोस प्रबंध किए हैं. विज्ञापनों की पूर्व मंजूरी के संबंध में आयोग ने कहा है कि इसका उद्देश्य पारदर्शिता सुनिश्चित करना और चुनाव प्रचार के दौरान गलत जानकारी के प्रसार को रोकना है.

### अधिकारियों के तबादलों को सुको में चुनौती

**कोलकाता, 20 मार्च.** चुनाव आयोग द्वारा पश्चिम बंगाल के वरिष्ठ अधिकारियों के तबादलों का मामला अब कलकत्ता उच्च न्यायालय पहुंच गया है. एक याचिका में चुनाव आयोग के उस अधिकार को चुनौती दी गयी है, जिसके तहत अधिकारियों को चुनाव ड्यूटी के लिए अन्य राज्यों में भेजा जा रहा है। वरिष्ठ अधिवक्ता कल्याण बनर्जी ने न्यायालय का ध्यान इस मुद्दे की ओर आकर्षित करते हुए कहा कि आयोग के पास इस तरह से भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारियों को राज्य से बाहर भेजने का अधिकार नहीं है.

## रणनीतिक साझेदारी पर दूसरा रूस-भारत सम्मेलन होगा आयोजित

**मॉस्को, 20 मार्च.** रूस-भारत संबंध साल दर साल तेजी से विकसित हो रहे हैं और कई संकेतकों में रिकॉर्ड परिणाम प्राप्त कर रहे हैं. रूसी अंतर्राष्ट्रीय मामलों की परिषद (आरआईएसी),23 मार्च को रूस में भारतीय दूतावास के साथ संयुक्त रूप से द्वितीय अंतर्राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन रूस और भारत- एक नए द्विपक्षीय एजेंडा की ओर का आयोजन करेगी. वर्ष 2020 के दशक में द्विपक्षीय संबंधों के विकास से पता चलता है कि मॉस्को और नयी दिल्ली के बीच संबंध में सुधार कोई सामरिक पैंतरेबाजी नहीं है बल्कि दोनों देशों के लिए एक दीर्घकालिक विदेश नीति की प्राथमिकता है.

## देवीधुरा के माँ बाराही धाम के भव्य नवनिर्माण का धामी ने किया शिलान्यास

**चम्पावत, 20 मार्च।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को देवीधुरा स्थित प्रसिद्द माँ बाराही धाम के भव्य नवनिर्माण कार्य का वर्चुअल शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री प्रतिकूल मौसम के चलते चंपावत नहीं पहुंच पाए। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि माँ बाराही धाम सदियों से आस्था, शक्ति और लोक संस्कृति का केंद्र रहा है। उन्होंने इसे राजकीय मेला घोषित किए जाने को सरकार की प्रतिबद्धता बताया। लगभग 15 करोड़ रुपये की लागत से होने वाले इस नवनिर्माण कार्य से धाम को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलने और पर्यटन को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राज्य के चारधाम, शक्तिपीठों और सिद्धपीठों के संरक्षण एवं पुनरुद्धार पर तेजी से कार्य हो रहा है।

# ममता बनर्जी ने जारी किया घोषणापत्र

- महिलाओं को हर महीने 1500-1700, बेरोजगारों को 1500



पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव

**कोलकाता, 20 मार्च. पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और टीएमसी ने विधानसभा चुनाव के लिए अपने घोषणापत्र में महिलाओं, बेरोजगार युवाओं और बुनियादी सुविधाओं के लिए बड़े वादे किए हैं.**

लक्ष्मी भंडार योजना के तहत महिलाओं को हर महीने मिलने वाली सहायता राशि बढ़ाने और हर परिवार को पक्का घर एवं पीने का साफ पानी पहुंचाने का ऐलान किया गया। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए टीएमसी प्रमुख और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को पार्टी का घोषणा पत्र जारी किया। इस घोषणापत्र में महिलाओं, बेरोजगार युवाओं और हर परिवार के बुनियादी अधिकारों को लेकर बड़े वादे किए गए हैं। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने लक्ष्मी भंडार योजना के तहत महिलाओं को मिलने वाली आर्थिक सहायता बढ़ाने का ऐलान किया। घोषणापत्र के मुताबिक, एएसी और एसटी महिलाओं को अब हर महीने 1700 और जनरल कैटेगरी की महिलाओं को 1500 मिलेंगे। वर्तमान में महिलाओं को 1200 और जनरल कैटेगरी को 1000 प्रति माह दिया जाता है। ममता ने इस कदम को महिलाओं की आर्थिक सशक्तिकरण और सामाजिक सुरक्षा का अहम हिस्सा बताया। इसके अलावा, घोषणापत्र में बेरोजगार युवाओं को हर महीने 1500 की आर्थिक सहायता देने की घोषणा भी शामिल है। ममता ने कहा कि यह योजना युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और रोजगार के अवसर बढ़ाने में सहायक होगी.

### सरमा का शक्ति प्रदर्शन- जलुकबाड़ी में विशाल रैली के साथ नामांकन



**गुवाहाटी, 20 मार्च.** असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने शुक्रवार को राज्य विधानसभा चुनाव के लिए जलुकबाड़ी विधानसभा क्षेत्र से अपना नामांकन दाखिल किया। श्री सरमा ने नामांकन के दौरान कहा कि जनता का भरोसा ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है और उसी के सहारे वे आगे बढ़ रहे हैं.

मुख्यमंत्री सरमा ने नामांकन से पहले खानापारा वेटरनरी मैदान से कामरूप (मेट्रो) के उपायुक्त कार्यालय तक एक विशाल रैली निकाली।इस रैली में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता, समर्थक और स्थानीय लोग शामिल हुए। पूरे रास्ते में समर्थकों का उत्साह देखने लायक था और जगह-जगह उनका स्वागत किया गया। इस मौके पर उन्होंने लोगों से समर्थन और आशीर्वाद की अपील भी की। श्री सरमा ने सोशल मीडिया पर साझा संदेश में कहा कि जलुकबाड़ी की जनता उनके परिवार की तरह है और उनके आशीर्वाद से ही वह नामांकन दाखिल करने जा रहे हैं। उन्होंने अपनी मां के आशीर्वाद का जिक्र करते हुए कहा कि व्यस्तता के कारण भले ही वे उनके साथ अधिक समय नहीं बिता पाते, लेकिन उनकी मां का आशीर्वाद उन्हें लगातार असम की सेवा के लिए प्रेरित करता है।

# नेपाल में 27 को प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे बालेंद्र शाह



**काठमांडू, 20 मार्च. नेपाल में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) की शानदार जीत के बाद बालेंद्र शाह 27 मार्च को प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे. इससे एक दिन पहले 26 मार्च को सांसदों को शपथ दिलाई जाएगी.**

5 मार्च को हुए प्रतिनिधि सभा चुनाव में आरएसपी ने 182 सीटें जीतकर स्पष्ट बहुमत हासिल किया है. आरएसपी ने बालेंद्र शाह को प्रधानमंत्री पद का चेहरा घोषित कर चुनाव लड़ा था. आरएसपी अध्यक्ष रवि लामिछाने, वरिष्ठ नेता बालेंद्र शाह, उपाध्यक्ष द्वय डीपी अर्याल और स्वर्णिम वाग्ले ने बैठक कर शपथ कार्यक्रम की तारीख तय की. संघीय संसद सचिवालय के प्रवक्ता एकराम गिरी ने बताया कि निर्माणाधीन नया संसद भवन अभी पूरी तरह तैयार नहीं है, जिसकी वजह से शपथ ग्रहण समारोह अस्थायी हॉल में होगा. उन्होंने बताया कि कार्यक्रम स्थल पर माइक्रोफोन, लाइट की व्यवस्था और अन्य आवश्यक आधारभूत संरचनाओं की स्थापना का काम काफी तेजी से किया जा रहा है.

# एनसीईआरटी क्लास 8 की किताब में विवादित ज्यूडिशियरी चैप्टर बदलेगा

- केंद्र ने 3 सदस्यों की स्पेशल कमेटी बनाई गई है
- कोर्ट ने संबंधित अधिकारियों से जवाब भी मांगा था

**नई दिल्ली, 20 मार्च. केंद्र सरकार ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया है कि एनसीईआरटी की क्लास 8 की किताब में न्यायपालिका से जुड़े चैप्टर को दोबारा लिखने के लिए 3 सदस्यों की स्पेशल कमेटी बनाई गई है.**

इसमें पूर्व अटॉर्नी जनरल केके वेणुगोपाल, सुप्रीम कोर्ट की पूर्व जज इंदु मल्होत्रा और जस्टिस अनिरुद्ध बोस शामिल हैं. यह कदम उस विवाद के बाद उठाया गया, जिसमें किताब के एक हिस्से में न्यायपालिका में भ्रष्टाचार का जिक्र किया था. इस पर सुप्रीम कोर्ट के दखल के बाद एनसीईआरटी ने गलती स्वीकार करते हुए उस चैप्टर को हटा लिया था.

कोर्ट ने पहले किताब की बिक्री पर रोक लगाई थी और संबंधित अधिकारियों से जवाब भी मांगा था. अब केंद्र की तरफ से समिति गठन का आश्वासन मिलने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में चल रही स्वतः संज्ञान (सुओ मोटू) कार्यवाही को खत्म कर दिया है.

शिष्टाचार भेंट — आध्यात्मिक उपदेशों से हुई अभिभूत

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किए प्रेमानंद महाराज के दर्शन



**मथुरा, 20 मार्च. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु अपने मथुरा दौरे के दूसरे दिन शुक्रवार को वृंदावन के परिक्रमा मार्ग स्थित श्री हित राधा केली कुंज आश्रम पहुँचीं.** यहाँ उन्होंने प्रख्यात संत श्री प्रेमानंद महाराज जी से शिष्टाचार भेंट की और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया. आश्रम पहुंचने पर राष्ट्रपति का भव्य स्वागत किया गया. इसके उपरांत, उन्होंने पूज्य महाराज जी के साथ एकांत में वार्तालाप किया. राष्ट्रपति मुर्मु ने महाराज जी के द्वारा दिए जा रहे.

### ब्रज की धरा पर राष्ट्रपति मुर्मू भक्ति रस से सराबोर

**मथुरा.**कान्हा नगरी मथुरा में अपने तीन दिवसीय दौरे के दूसरे दिन शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भक्ति रस में सराबोर नजर आयीं. वृंदावन पहुंचीं श्रीमती मुर्मू ने प्रख्यात संतों से भेंट कर आशीर्वाद लिया, वहीं स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी महत्वपूर्ण परियोजनाओं का उद्घाटन भी किया. सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजामों के बीच राष्ट्रपति का यह दौरा ब्रज की सांस्कृतिक और सामाजिक विरासत को सम्मान देने वाला रहा. राष्ट्रपति मुर्मू सबसे पहले प्रख्यात संत प्रेमानंद महाराज के आश्रम पहुंचीं. वहाँ उन्होंने महाराज श्री से भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया और विभिन्न आध्यात्मिक विषयों पर चर्चा की. संत महाराज ने राष्ट्रपति को ब्रज की अनूठी भक्ति परंपरा, यमुना संरक्षण की आवश्यकता और समाज सेवा के प्रकल्पों के बारे में विस्तार से जानकारी दी. राष्ट्रपति ने संतों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि आध्यात्मिक गुरु समाज को सकारात्मक दिशा देने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं. भेंट के अंत में महाराज श्री ने राष्ट्रपति को स्मृति चिन्ह और प्रसाद भेंट किया. आध्यात्मिक भेंट के पश्चात राष्ट्रपति मथुरा मार्ग स्थित रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम अस्पताल पहुंचीं.

# केरल में यूडीएफ गठबंधन की जीत निश्चित : राहुल



**नई दिल्ली, 20 मार्च।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने केरल विधानसभा चुनाव में युनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट-यूडीएफ गठंधन की जीत को निश्चित बताते हुए कहा है कि गठबंधन के सत्ता में आने के बाद वह राज्य सरकार के साथ मिलकर खूबसूरत केरल के निर्माण के लिए काम करेंगे। श्री गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर शुक्रवार को एक पोस्ट में कहा कि कांग्रेस नेतृत्व वाला गठबंधन टीम यूडीएफ ही टीम केरल है। प्रत्येक उम्मीदवार केरल की जनता की आवाज़, आकांक्षाओं और विश्वास का प्रतिनिधित्व करता है। यह अनुभवी नेताओं और युवा परिवर्तनकारियों का एक समूह है-ऐसे सशक्त पुरुष और महिलाओं की टीम जो अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों की बारीकियों को समझते हैं। उन्होंने लिखा मेरे लिए केरल घर है और केरल की जनता मेरा परिवार है।

जनता ने मुझे जो कुछ भी सिखाया है और जिस प्यार और स्नेह से उन्होंने मुझे अपनाया है, उसके लिए मैं उनका बहुत आभारी हूं-मैं हमेशा आपका साथी रहूंगा। कांग्रेस नेता ने कहा केरल का संदेश स्पष्ट है कि जनता बदलाव के लिए तैयार है, वे ऐसी सरकार चाहते हैं जो उनकी बात सुने, समझे और ईमानदारी से काम करे। आगामी यूडीएफ सरकार के साथ मिलकर, मैं इस खूबसूरत राज्य के लिए एक बेहतर भविष्य बनाने में हर संभव प्रयास करूंगा। केरल विजयी होगा। यूडीएफ नेतृत्व करेगा।

### केरल विस चुनाव- कांग्रेस ने कन्नूर का पत्ता काटा

**तिरुवनंतपुरम, 20 मार्च.** केरल में कांग्रेस ने आगामी विधानसभा चुनाव में वरिष्ठ नेता और मौजूदा लोकसभा सांसद के. सुधाकरन को टिकट नही देकर सबको चौंका दिया है और उनके स्थान पर एडवोकेट टी.ओ. मोहनन को कन्नूर निर्वाचन क्षेत्र से उम्मीदवार घोषित किया है। कांग्रेस महासचिव के.सी. वेणुगोपाल द्वारा घोषित पहली सूची में 37 उम्मीदवारों के नाम शामिल हैं। इस सूची में अनुभवी नेताओं और नए चेहरों का मिश्रण देखने को मिला है, जिससे पार्टी राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में संतुलन बनाने की कोशिश कर रही है. केरल में इस बार कांग्रेस नीत यूडीएफ, माकपा नीत एलडीएफ और भाजपा नीत एनडीए के बीच त्रिकोणीय और कड़ा मुकाबला होने की उम्मीद है.